# विधानसभा पर प्रदर्शन करने जा रहे पटवारियों पर लाठीचार्ज, कई घायल

## पुलिस की सफाई- लाठीचार्ज नहीं की, सिर्फ रोका था



राजस्थान पटवार संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र निमिवाल व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कविया ने बताया कि पटवारी ग्रेड पे 3600 करने व वेतन विसंगति पर शांतिपूर्वक रैली निकाल रहे थे। पुलिस ने लाठियां भांजीं।

भास्कर न्यूज | जयपुर

राजस्थान में ग्रेड पे 3600 रु. करने और वेतन बढ़ाने के साथ-साथ दूसरी मांगों को लेकर विधानसभा पर प्रदर्शन करने जा रहे पटवारियों की रैली पर सोमवार को लाठीचार्ज हो गया। रेवेन्यू बोर्ड (अजमेर) से पैदल जयपुर आए पटवारी विधानसभा की तरफ जाने की कोशिश कर रहे थे, पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जब सहकार मार्ग पर पटवारी आगे बढ़ने लगे तो बलप्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया गया। इसमें आधा दर्जन पटवारियों को चोटें आई हैं। आक्रोशित पटवारी सहकार सर्किल के पास ही महापड़ाव पर बैठ गए। उन्होंने लाठीचार्ज करने वाले पुलिसवालों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं, मामले में अशोक नगर थाना प्रभारी सुरेन्द्र सैनी का कहना है कि लाठीचार्ज नहीं किया। बैरिकेंडिंग लगाकर रोका गया था।

### विरोध में महापड़ाव...चेताया 3600 रु. ग्रेड पे का आदेश लेकर ही उठेंगे

पटवारियों ने चेताया- अब 3600 ग्रेड पे का आदेश लेकर ही महापड़ाव से उठेंगे।

**मांग-1;** **वेतन विसंगति दूर हो। ग्रेड 3600 (पे लेवल -10) किया जाए।**

**मांग-2;** एसीपी योजना के अंतर्गत 9, 18, 27 वर्ष पूर्व की सेवावधि की जगह 7, 14, 21, 28, 32 की सेवा अवधि पूर्ण करने पर चयनित वेतनमान का लाभ देते हुए पदोन्नति का वेतनमान दिया जाए।

**मांग-3; संगठन के साथ पूर्व में हुए सभी समझौतों और ज्ञापनों का निस्तारण किया जाए।**

# बंगलों में बैठे लोगों को क्या पता ऊंट क्या चीज है, किस काम आता है: अमीन

भास्कर न्यूज | जयपुर

विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल में नंदीशाला और ऊंटों के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने सरकार को घेरा। कांग्रेस विधायक अमीन खां ने सरकार से पूछा कि ऊंटों को राज्य पशु घोषित करने का फैसला पशुपालकों की भलाई के लिए किया गया था या उन्हें बर्बाद करने के लिए। उन्होंने कहा कि लोगों ने ऊंटों को पालना बंद कर दिया है और उन्हें जंगलों में छोड़ दिया है। जवाब में पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि ऊंटों की भलाई के लिए सरकार ने 3 वर्षीय योजना तैयार की है जिसकी मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया है। इस पर अमीन खां ने कहा कि कमेटी बनानी है तो पशुपालकों की बनाओ शहरों में बंगलों में बैठे लोगों को क्या पता ऊंट क्या चीज है और किस काम आता है।

इसके बाद अगला सवाल भाजपा विधायक अशोक लाहोटी ने प्रदेश में नन्दीशालाओं के मुद्दे पर उठाया। उन्होंने पूछा कि बजट घोषणा में कितनी पंचायतों में नंदी शाला खुलनी थी और उसके लिए सरकार ने कितना बजट अलॉट किया। इस पर गौ पालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा कि बजट अभी आवंटित नहीं हुआ है और नंदीशालाएं प्रक्रियाधीन है।

## हमलावर के साथ सेल्फी प्रकरण पर धारीवाल और कटारिया में तकरार

# जांच करा हमलावर से संबंध साबित कर दें तो सदन से इस्तीफा दे दूंगा : धारीवाल

**जयपुर|** सदन में संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल और नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया के बीच सोमवार को तीखी नोकझोंक हो गई और इससे सदन में हंगामा भी हुआ। दरअसल कोटा में पिछले दिनों आरएसएस जिला प्रमुख दीपक शाह पर हमला हो गया था। भाजपा विधायकों ने इस मामले को सदन में उठाया था। हमला करने के आरोपी की यूडीएच मंत्री धारीवाल की सेल्फी भी थी और उसकी गाड़ी पर कांग्रेस का हाथ का निशान भी था। भाजपा ने इस मामले में मंत्री शांति धारीवाल पर संरक्षण देने के आरोप लगाए थे। विधायक मदन दिलावर ने आरोपी आशु और मंत्री धारीवाल की फोटो के साथ आरोप लगाए थे। इस पर हंगामे वाले दिन तय हुआ था कि मुख्यमंत्री इस बारे में जवाब देंगे। इस पर सीएम के अभिभाषण के जवाब के बाद अचानक शांति धारीवाल ने बोलना शुरु करते हुए कहा कि मैं आपको चैलेंज देता हूं आप मेरे खिलाफ आरोप सिद्ध करें, अगर आपने मेरे खिलाफ लगे दोनों आरोप सिद्ध कर दिए तो मैं अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा, और अगर नहीं कर पाए तो आप मदन दिलावर से सदन में माफी मंगवा देना। इसी बीच धारीवाल ने पीएम मोदी और अमित शाह की 26 जनवरी को लाल किले पर झंडा फहराने वाले मुख्य आरोपी दीप सिद्धू की फोटो दिखाकर बीजेपी पर पलटवार भी किया।


## गुप्त समस्यायें
### आधुनिक आविष्कार



मात्र 400/-, 600/-
18 से 80 वर्ष तक के रामबाण इलाज
Vaccum Therapy यंत्र से अब हर तरह की सेक्स समस्या से छुटकारा पायें और जीवन के परम आनंद का सुख लें। शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, काम की इच्छा न होना, चिड़चिड़ापन, शरीर में कमजोरी, मानसिक कमजोरी / उदासी, वीर्य का पतला होना आदि समस्याओं का 100% समाधान। 1 माह के कोर्स के साथ 64जीबी मेमोरी कार्ड फ्री। लाभ नहीं तो पैसा वापस
07079943917
08585890770


POLICE HEADQUARTERS JAMMU AND KASHMIR JAMMU

Phone/FaxNo:0194-2443031/2443032 (Sgr) 0191-2459029/2459255(Jmu)
Website : www.jkpolice.gov.in
E-mail : phqjk@nic.in

{Provision Section}

**Extension Notice**

Due to administrative reasons, the last of date for submission of on-line bids & opening of Technical bids against NIT No: 01 of 2021 dated 18.01.2021 floated by this Hqrs for supply/ installation/ Commissioning of Big Data Repository are re-scheduled as under :-

1. Last date of receipt of tenders = 20.02.2021 up to 1800 hours
2. Date of opening of technical bids = 22.02.2021 at 1100 hours.

The other terms and conditions of the NIT shall remain the same.

sd/-
Rayees Mohammad Bhat (IPS)
AIG (Provision & Transport),
For Director General of Police, J&K- Jammu.

DIP/J-11576/20

## पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय :** वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, बाराखम्भा लेन, नई दिल्ली-110001, **दूरभाष :** 011-23411411, **फैक्स :** 011- 23472550, **सीआईएन :** L74899DL1998PLC093073, **ई-मेल :** investors@petronetlng.com, **कम्पनी की वेबसाइट :** www.petronetlng.com

### 9वीं एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जेनरल मीटिंग सम्बंधित जानकारी

1. एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 के प्रयोज्य प्रावधानों तथा उसके तहत निर्मित नियमो एवं कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा निर्गत सामान्य परिपत्र संख्या14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020 तथा सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई 2020 के साथ पठित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा उसके परिपत्र संख्या सेबी/एचओ /सिएफडी /सीएम डी 1/सीआईआर / पी /2020 /79/ दिनांक 12 मई 2020 के अनुपालन में कंपनी की नौवीं एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग (नौवीं इजीएम) **सोमवार 15 मार्च 2021 को दोपहर 2 बजे** वीडियो कांफ्रेंस (वी सी) / अन्य ऑडियो विसुअल साधनो ("ओऐवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. संबंधित परिपत्रों के अनुपालन हेतु, कंपनी के सभी सदस्यों को नौवें ईजीएम की सभी सूचनाएं और दस्तावेज भेजे जाएंगे, जिनके पते/डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के साथ पंजीकृत हैं। इसके साथ ही उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट https://www.petronetlng.com पर और स्टॉक एक्सचेंज, बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट, जो की https://www.bseindia.com और https://www.nseindia.com, क्रमशः हैं, पर उपलब्ध कराएं जाएंगे।
3. **ईमेल पतों को पंजीकृत / अद्यतन करने का तरीका-**
   - **(क)** भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते को पंजीकृत / अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है **कि कंपनी को फोलियो नंबर को विवरण के साथ लिखकर / अपडेट करके निवेशकों से पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें तथा investors@petronetlng.com पर ईमेल कर दें।**
   - **(ख)** डिमॉनेटाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ अपने ईमेल एड्रेस को रजिस्टर / अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध किया जाता है क़ि वो डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ अपना ईमेल एड्रेस रजिस्टर / अपडेट करायें, जिससे वह अपना डीमैट अकाउंट रखते हैं।
4. **ई-वोटिंग के जरिये वोट डालने की घोषणा:**
   - **(क)** व्यवसाय पर सदस्यों को अपना वोट देने का अवसर मिलेंगा, जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("ई-वोटिंग") के माध्यम से नौवें ईजीएम के नोटिस में किया जाएगा।
   - **(ख)** डीमैटरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए दूरस्थ रूप से ("रिमोट ई-वोटिंग") का तरीका और उन सदस्यों के लिए जिन्होंने अपना पंजीकरण नहीं कराया है, 9 ईजीएम के नोटिस में दिए जाएंगे। इसका विवरण कंपनी की वेबसाइट https://www.petronetlng.com पर भी उपलब्ध होगा।
   - **(ग)** नौवीं ईजीएम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेंगी, और इस मीटिंग में शामिल होने के वाले सदस्य जिन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से नौवें ईजीएम में मतदान कर सकेंगे।
   - **(घ)** सदस्यों को लॉगिन क्रेडेंशियल ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेंगा। ऐसे सदस्य जो ईमेल प्राप्त नहीं करते हैं या जिनके ईमेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के पास पंजीकृत नहीं हैं, वे इस संबंध में नौवें ईजीएम के नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं।
   - **(ड)** उसी लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग VC / OAVM के माध्यम से नौवें EGM में भाग लेने के लिए भी किया जा सकता है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 15 फरवरी, 2021

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के लिए
एसडी / -
राजन कपूर
सीजीएम और वीपी - कंपनी सचिव

| सदस्यों ध्यान दें | | सदस्यों से अपील |
|---|---|---|
| **(1) गैर स्वीकृति के हस्तांतरण के लिए अनुरोध भौतिक रूप में शेयर 1 अप्रैल 2019 से प्रभावी** एनएसई के परिपत्र के अनुसार NSE / CML / 2018/38 दिनांक 03 दिसंबर, 2018 और BSE ने परिपत्र संख्या LIST / COMP / 31 / 2018-19 दिनांक 03 दिसंबर, 2018 के अनुसार रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट और कंपनी 1 अप्रैल 2019 से भौतिक प्रारूप शेयरों के अंतरण हेतु कोई निवेदन स्वीकार नहीं करेगी। यह प्रतिबंध भौतिक शेयरों के प्रसारण या हस्तांतरण के लिए प्राप्त अनुरोध पर लागू नहीं होगा। | **(2) पैन और बैंक का अनिवार्य अपडेशन आपके शेयरहोल्डिंग के खिलाफ विवरण** 20 अप्रैल, 2018 को सेबी के परिपत्र के अनुसार, ऐसे व्यक्ति, जिनके खाता-निर्धारण फोलियो के पास पैन और बैंक विवरणों के बारे में अधूरा विवरण है या नहीं है, उन सदस्यों को पैन और बैंक विवरणों प्रस्तुत करना आवश्यक है। सभी निवेशकों को investors@petronetlng.com फोलियो में पंजीकरण करना जरूरी है जिसस आपके द्वारा आयोजित निवेशों को पूरी तरह से उचित केवाईसी अनुपालन के साथ संरक्षित किया जा सके। कृपया ध्यान दें कि आपके खाते के खिलाफ पंजीकृत पूर्ण बैंक विवरण के अभाव में कोई भुगतान नहीं किया जा सकता है। | **कॉर्पोरेट प्रशासन में ग्रीन इनिशिएटिव** हम पर्यावरण के लिए आपके योगदान और प्रयासों का बहुमूल्य सहयोग और समर्थन करते हैं और साथ ही जारी कोविद -19 महामारी को ध्यान में रखते हुए, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) ने 5 मई, 2020, 8 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020 के परिपत्र (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) को वीसी या ओवीएएम के माध्यम से ईजीएम रखने की अनुमति दी और वह भी बिना सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के। इसके अलावा, सेबी ने 12 मई, 2020 के अपने परिपत्र और 'एमसीए परिपत्र' द्वारा जारी ईजीएम के नोटिस की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता को दूर कर दिया। उपर्युक्त परिपत्रों के मद्देनजर, कंपनी के सदस्यों का ईजीएम वीसी / ओवीएएम के माध्यम से आयोजित किया जाएगा और ईजीएम का नोटिस सदस्यों के पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा, इसलिए आपको दोबारा अनुरोध किया जाता है कि सदस्यों से अभी तक अपनी ई-मेल आईडी को पंजीकृत नहीं किया है वे अपने ईमेल कंपनी को investors@petronetlng.com पर रजिस्टर करें। |

## भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल–132001 (हरियाणा)

### कौशल विकास प्रशिक्षण सूचना

ICAR-CSSRI, करनाल में कौशल विकास प्रशिक्षण के अन्तर्गत **"मृदा एवं जल परीक्षण प्रयोगशाला सहायक"** विषय पर 25 फरवरी से 22 मार्च 2021 तक (26 दिवसीय) निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अधिकतम 20 प्रतिभागी 12वीं में प्र्प्तांक के आधार पर चयनित किये जायेंगे। प्रतिभागियों की योग्यता निम्नलिखित निर्धारित की गई है:

शैक्षणिक योग्यता: 10+2 (विज्ञान अथवा कृषि विषय में)
आयु सीमा: 18–35 वर्ष

निदेशक CSSRI को नियम एवं शर्तो के अनुसार प्रतिभागियों के चयन का अंतिम अधिकार होगा। इच्छुक प्रतिभागी 20 फरवरी 2021 तक अपने 10वीं, 12वीं तथा आधार कार्ड के दस्तावेज सहित ब्यौरा निम्नलिखित ई–मेल पर अथवा कार्यलय में भेज सकते हैं / तथा निम्नलिखित मोबाईल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

ई–मेल : ramya.hr@icar.gov.in
मोबाईल नंबर : 9671032154

निदेशक
दूरभाष – 0184–2290501

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड बवानी खेडा जिला भिवानी के निम्नलिखित गांवों को लाल डोरा के अन्दर का ड्राफट नक्शा व्यक्तियों के नाम सहित सर्वे ऑफ इंडिया से ग्राम पंचायतों को प्राप्त हो गया है। जो कि आम जन के अवलोकन हेतू उपलब्ध है। जिस पर ग्राम पंचायत/ग्राम स्तरीय कमेटी द्वारा निर्धारित सार्वजनिक स्थानों पर प्रातः 11.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 26 के तहत ग्रामवासियों से गांव के लाल डोरा के अन्दर की प्रापर्टी से सम्बन्धित दावे व आपतियां प्राप्त की जाएंगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | समय सीमा | स्थान | दावे आपतियों के निपटान हेतू ग्राम सभा के आयोजन की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिवाना | 16.02.2021 से 16.03.2021 | ग्राम सचिवालय | 17.03.2021 |
| 2 | भुरटाना | 16.02.2021 से 17.03.2021 | सामान्य चौपाल | 18.03.2021 |
| 3 | भैणी जाटान | 16.02.2021 से 18.03.2021 | चमारान चौपाल | 19.03.2021 |

**निवेदक – समस्त संबधित सरपंच, खण्ड बवानी खेडा, जिला भिवानी।**

## हरियाणा सरकार परिवहन विभाग
### 30 बेज बिल्डिंग दूसरी मंजिल, सेक्टर -17बी, चंडीगढ़
### सार्वजनिक नोटिस

**हरियाणा राज्य में पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) और कलर कोडिड स्टिकर**

(1.) भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुसार, एचएसआरपी और कलर कोडिंग स्टिकर नए और पुराने वाहनों पर लगाना अनिवार्य किया हैं।

(2) एचएसआरपी और कलर कोडिड स्टिकर पोर्टल www.hsrphr.com पर ऑनलाइन बुकिंग करके लगाए हैं। संबंधित कंपनी से इन आइटम की घर पर डिलीवरी के लिए इस पोर्टल पर अनुरोध किया जा सकता है।

(3) एचएसआरपी और 01.04.2019 से पहले पंजीकृत वाहनों के लिए कलर कोडिड स्टिकर भी कंपनी, आरटीए / एसडीएम कार्यालयों के सम्पर्क स्थानों लगाने के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

(4) वाहनों में एचएसआरपी और कलर कोडिड स्टिकर नहीं मिलता है तो भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में कठोर चालान भी किया जाएगा।

उपरोक्त के संदर्भ में, वाहन मालिकों को सलाह दी जाती है कि चालान से बचने के लिए तुरंत एचएसआरपी और कलर कोडिड स्टिकर प्राप्त कर लगाएं।

परिवहन आयुक्त
हरियाणा

1807

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
सिविल अपील संख्या 2086–2087 / 2020 के मामले में
एम.ए. संख्या 1005–1006 / 2020
के अंतर्गत दिए गए आदेशानुसार

## ई–नीलामी बिक्री नोटिस

यह सूचित किया जाता है कि **संख्या 264, पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली 110092 (360 वर्गमीटर औद्योगिक भूखंड एवं उसपर निर्मित भवन)** स्थित ऋणभार मुक्त सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी **एमएसटीसी लिमिटेड** की वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/ के माध्यम से दिनांक **04.03.2021** को "जहां है जैसी है" के आधार पर की जाएगी।

ई–नीलामी से संबंधित पूछताछ के लिए **श्री ए.गुणावत (6263251895)** से सम्पर्क करें। निरीक्षण के लिए **श्री हरि राम (9891053411)** से सम्पर्क करें। सम्पत्ति का कब्ज़ा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अधीन दिया जाएगा। कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसकी इस सम्पत्ति के प्रति किसी प्रकार की देयताएं / प्रभार / दावे हैं वह रजिस्ट्रार / कोर्ट रिसीवर, सर्वोच्च न्यायालय, से ई–नीलामी की तिथि से पूर्व सम्पर्क कर सकते हैं (reg.ritachopra@sci.nic.in)

रजिस्ट्रार / कोर्ट रिसीवर
भारत का सर्वोच्च न्यायालय


ADMISSION OPEN


# B.Ed./M.Ed. (INTEGRATED)

Duration : 3 Yrs. | Eligibility : Post Graduation with 55%

कीमती 1 वर्ष बचाएं और B.Ed./M.Ed. (Integrated) कोर्स करें

बी.एड. शिक्षा शास्त्री

Duration : 2 years Eligibility : Graduation/Post Graduation with Sanskrit with 50% marks.



Last Date 19.02.2021

SARASWATI COLLEGE OF EDUCATION
Affiliated to Guru Jambeshwar University of Science & Technology, Hisar (Hry.)
12 KM Stone Tosham Road, Hisar M : 94161-00201, 92155-83253
Email : askus@mses.info; Website : www.mses.info



दैनिक भास्कर में
शोक संदेश व श्रद्धांजलि
अब घर बैठे एक क्लिक या कॉल पर बुक करें
विज़िट BhaskarAd.com
कॉल 9772019222

| विज्ञापन साइज/प्रकार | फरीदाबाद संस्करण |
|---|---|
| फिक्स साइज 5x8 से.मी. | ₹ 2200/- |
| फिक्स साइज 10x8 से.मी. | ₹ 3500/- |
| अन्य साइज से.मी. (प्रति स्क्वायर से.मी.) | ₹ 65/- |

5% GST अतिरिक्त

ऑनलाइन Ad बुकिंग करने पर पाएं 10% OFF
Discount Code : DB10
E mail: support.bhaskarad@dbcorp.in



Shaheed Baba Deep Singh College of Nursing
Vil. Aherwan (Ratia) Fatehabad
Approved by Govt. of Haryana & HN&NMC Panchkula
Recognized by INC New Delhi
Affiliated to Pt. B.D. Sharma University of Health Sciences, Rohtak
Courses
- M.Sc. (N) Any Speciality (2 Year)
- Post Basic B.Sc. (N) (2 Year)
- B.Sc. (N) (4 Year) (Qualification- 10+2 Medical (PCB)

Girls Hostel

Cont. No. 94160-45882, 99967-45882, 85728-91582, 98124-46424, 98963-46582, 94162-17280
Website : www.sbdsinstitution.com | Email Id : sbdsinstitutions@gmail.com


## उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी (करनाल) में खुम्ब उत्पादन एवं तुड़ाई उपरान्त प्रबंधन के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उद्यान प्रशिक्षण संस्थान उचानी (करनाल) में तीन दिवसीय खुम्ब उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 18.02.2021 से 20.02.2021 तक का आयोजन कर रहा है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान व बेरोजगार युवा अपने आवेदन बागवानी प्रशिक्षण संस्थान उचानी (करनाल) की ईमेल : आईडी hti-haryana@gmail.com एवं whatsapp No -8168796857 पर दिनांक 18.02.2021 प्रातः 9.00 बजे तक रजिस्र्ड करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए। रजिस्टर्ड किसान अपने जरुरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड की प्रतिनिधि, बैंक पास बुक की फोटोकॉपी फैमिली आईडी की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं। प्रशिक्षणार्थियों का बस किराया डीबीटी द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ठहरने व खाने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। चयन की प्रक्रिया पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। आवेदन का प्रारूप इस प्रकार रहेगा।

| नाम | पता | दूरभाष नं. | आधार कार्ड नं. | बैंक A/C No. व IFSC कोड | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

संपर्क डॉ. हरपाल मान :- 9996788033

प्रधानाचार्य
उद्यान प्रशिक्षण संस्थान
उचानी (करनाल)

1819